चोधरी राम लाल वधवा(करनाल): स्पीकर साहब, मेरी प्रार्थना है कि अब तो एमरजैंसी खत्म हो गई है, ऐसा क्या हो गया कि नान–आफि ायल डे को भी आफि ायल डे मे कन्वर्ट किया जा रहा है और दो–दो सिटिंग्ज हो रही है। मेरा रैज्योल्यू ान बैल्ट के अन्दर आया है उस पर बहस होनी चाहिए। लेकिन मुझे समझ नही आती कि सरकार भाग क्यों रही है अगर इसे भागना ही है तो वैसे ही इस्तीफा दे दे .....(ाोर)

मुख्यमंत्री(श्री बनारसी दास गुप्ता): आपने जो तीर चलाना है कल चला लेना, परसो चला लेना.....(ाोर)

चोधरी राम लाल वधवा: उसकी फिकर क्यो करते हो वह जो जनता चलाएगी। स्पीकर साहब, मेरी प्रार्थना है कि सै ान आराम से चलाया जायें । दो–दो सिटिंगज करने की कोई वजह तो होनी चाहिए। फिर नान–आफि ायल डे को उड़ाना ठीक नहीं

है। एक महत्वपूर्ण रैजोल्यू ान बैलट में आया हुआ है कि जोकि 18 साल की आयु वाले को वोट का हक देने के बारे में कॉंस्टीच्यू ान अमैड करने के लिए है, उस पर बहस होनी चाहिए.. .....(विध्न)––

श्री बनारसी दास गुप्तः यह तो सैट्रल गवर्नमैंट ने करना है। अब आपकी सरकार बन गई है, अब कर देना ––(ाोर)

Mr. Speaker: Order please. No repetitions.

चौधरी ि ाव राम वर्माः स्पीकर साहब मेरी प्रार्थना यह है कि हफते में केवल एक दिन नान–आफि ियल डे होता है उसको भी आफि ियल बनाना ठीक नही है।

श्री के. एन. गुलाटीः स्पीकर साहब, इनको मंजूर नहीं तो बाहर चले जाएं ––(ाोर)

Mr. Speaker: Order please.

चोधरी राम लाल वधवाः छाज तो बोले छलनी क्या बोले.....

चौधरी ि ाव लाल वर्माः स्पीकर साहब, मै एक बात पूछना चाहता हूं कि गैर सरकारी दिन को सरकारी दिन में इसलिये तो नहीं बदला जा रहा हूं कि विरोधी पक्ष के एक विधायक का रैजोल्यू ान आया हुआ है ? ऐसा करने का इनको क्या अधिकार है ? क्या ये अभी तक भी जनता की अवाज नहीं

समझें। मेरा निवेदन है कि कल और अगला वीरवार गैर सरकारी तौर पर काम के लिए चलना चाहिए। दिन बहुत पड़े है चाहिये ये एक महीना सै ान चला ले ।

परिवहन मंत्री(श्री के.एल.पोसवाल.): बजट 30—3—77 तक पास होना है।

गृह तथा स्वास्थ्य राज्य मंत्री(श्री मति भाारदा रानी): स्पीकर साहब, अब सैंटर में इनकी सरकार बन गई है अब इनको जिम्मेदाराना ढंग से बात करनी चाहिए.....(ाोर)

चौधरी प्रताप सिंह चौटाला: स्पीकर साहब, मेरी अर्ज यह है कि आप जैसे तजुर्बेकार आदमी का यह कहने की जरूरत नहीं है कि यह गैर सरकारी प्रस्ताव का दिन है यह पार्लियामेंटरी प्रैक्टिस में निहायत ही जरूरी प्रोविजन है ।

श्री के.एल. पोसवाल: रूल 30 के बारे में अगली अमेडमैंट आ रही है उस वक्त कह लेना ।

Mr. Speaker: Question is-

That this house agrees with the recmmendations contained in the First Report of the Busniness Advisory Committee.

The motion was carried.

नियम 30 के अधीन प्रस्ताव

Transport Minister(Shri K.L. Poswal): Sir, I beg to move-

that rule 30 of the Rules of Procedure and Conduct of Busniness in the Haryana legislative Assemble be suspended and Government Business be transcted on Thursday, the 24the March, 1977.

Mr. Speaker: Motion moved-

that rule 30 of the Rules of Procedure and Conduct of Busniness in the Haryana legislative Assemble be suspended and Government Business be transcted on Thursday, the 24the March, 1977.

चौधरी प्रताप सिंह दौलता(बेरी): स्पीकर साहब आप और लीडर आफ दी हाउस इस हाउस के कस्टोडियन है । मै आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि यह हमारा जो प्रिविलेज है उसको हाउस की कंसैट के बगैर छीना जा रहा है यानि कल नान–आफि ायल डे को आफि ायल डे में कनवर्ट किया जा रहा है, यह ठीक नहीं है। इस प्रैक्टिस को हमे ऐड करना चहिये और नान आफि ायल डे को नान आफि ायल डे ही रखा जाना चाहिए। इसको आफि ायल डे में तबदील करने का कोई रीजन मालूम नहीं होता है। अब अराम से बजट सै ान चलना चाहिये, क्या जल्दी है ? मुझै इस बात से मतलब नहीं कि कितने दिन चलना चहिए लेकिन मै इस हाउस के राइटस असर्ट करना चाहता

हूं that-non official day should be not summarily be utlized for official work. With this, I request through you, sir to the Leader of the House to reconsider this matter. It is very serious matter and in Parliament it has never been done.

मुख्यमंत्री(श्री बनारसी दास गुप्त): अध्यक्ष महोदय, ऐसा है कि रूल्ज के अन्दर प्रोवीजन है जब भी कभी ऐसी आव यकता पड़े या कोई कठिनाई आए तो हम नान–आफि ायल–डे को आफि ायल डे मे बदल सकत है । अध्यक्ष महोदय, आप इस बात को अच्छी प्रकार जानते है कि हमने 31 मार्च से पहले बजट को पास करना है और अगर हम बजट पास नही करेंगे सरकार का काम बंद हो जायेगा । टाईम हमारे पास बहुत कम है इसलिये ऐसा करना पड़ा। मै हाउस को यह आ वासन देता हूं कि हफते नान–आफि ायल डे को आफि ायल डे ही रखेगे उस दिन हम गैर सरकारी बिजनैस पर डिस्क ान कर लेगे।

Mr. Speaker: Question is-

that rule 30 of the Rules of Procedure and Conduct of Busniness in the Haryana legislative Assemble be suspended and Government Business be transcted on Thursday, the 24the March, 1977.

The motion was carried.

भोक प्रस्ताव

Mr.Speaker: Obiturary References.

मुख्यमत्री(श्री बनारसी दास गुप्त):– अध्यक्ष महोदय, जब कभी भी हम इस पवित्र सदन में इकट्ठे होते है तो हमे अपने और कर्तव्य के साथ–साथ एक खेदजनक कर्तव्य का भी निर्वहन करना पड़ता है हि हमारे जो दिवंगत नेता है उनके प्रति हम भाोक प्रकट करते है लेकिन अध्यक्ष महोदय, इस बार हमारे राश्ट्र को इतनी भारी क्षति पूर्ति होना ने केवल कठिन है बल्कि असंभव है।

अध्यक्ष महोदय, यह सदन भारत के पांचवे राश्ट्रपति श्री फखरूदीन अली अहमद के 11 फरवरी 1977 को हुए दुखद निधन पर गहरा भाोक व्यक्त करता है।

श्री फखरूदीन अली अहमद का जन्म 13 मई 1905 को दिल्ली में हुआ। उनके पिता कर्नल जैड.ए. अहमद मूलतः असम के गोलाघाट उप–मण्डल के निवासी थे। श्री फखरूदीन अली अहमद ने प्रारम्भिक ि ाक्षा उतर प्रदे ा के गोण्डा नामक स्थान के राजकीय हाई स्कूल में पाई और ओर उसके प चात उन्होने सेंट स्टीफेंस कांलिज, दिल्ली एवं सैंट कैथरीन कालेज कैम्ब्रिज वि ववविधालय मे ि ाक्षा प्राप्त की। कानून का पाठ्यकम पूरा करने के बाद 1928 में वह इनर टेम्पल में बैरिस्टर के रूप में प्रविश्ट हुए। भारत लोटने पर श्री अहमद ने अपना नाम बतौर एडवोकेट पंजाब उच्च न्यायलय मे नामांकित करवाया। किन्तु उसी वर्श वह असम चले गये।

इसके बाद वह काग्रेस में सम्मिलित हो गए और 1931 के उथल–पुथल के दिनो में राजनीति में कूद पड़े। 1935 मैं असम विधानसभा के लिए चुने गये और 1938 में श्री गोपीनाथ बारदोलाई के नेतृत्व में गठित कांग्रेस के पहले मंत्रिमंडल में उन्होने वित एवं राजस्व मंत्री का कार्यभार सम्भाला। उन्होने 1939 और 1945 के दौरान कई बार जेल यात्रा की ।

श्री अहमद 1954 से 1957 तक राज्य राज्य सभा के सदस्य रहे। उन्होने 1955 में रूस जाने वाले भारतीय वकील ि ाश्टमण्डल का नेतृत्व किया। वह 1957 में भारतीय ि ाश्टमण्डल के सदस्य के रूप में संयुक्त राश्ट्र गये। वह 1957 से 1966 तक असम मंत्रिमण्डल तक में भी रहे।

श्री अहमद अप्रैल, 1966 में पुनः राज्यसभा के लिए चुने गए और उन्होने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में ि ाक्षा मंत्रालय का कार्यभार सम्भाला।

वह 1967 के आम चुनावे में असम के बरपेटा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए और ओघोगिक विकास एवं कम्पनी कार्य विभागो मे मन्त्री नियुक्त किए गए। उन्होने जून 1970 में कृशि मंत्री के पद का दायित्व सम्भाला तथा मार्च 1971 के आम चुनावो में लोकसभा के लिए निर्वाचित होने पर वह पुनः कृशि मंत्री के पद पर आसीन हुए और जुलाई 1974 तक इस पद पर कार्य करते रहे। अगस्त, 1974 में वह भारत के

राश्ट्रपति पद पर निर्वाचित हुए और निधन तक इसी पद पर आसीन रहे।

श्री फखरूदीन अली महमूद साहब दे ा के उन महान नेताओ में से एक थे जिन्होने भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दे ा के सर्वोच्च पद पर उनका आसीन होना उनके गत 40 वर्शो से भी अधिक वि िाश्ट राजनितिक जीवन की चरम परिणति थी।

लोकतन्त्र,समाजवाद और धर्म निरपेक्षता में उनकी अटूट आस्था थी । उन्होने राश्ट्रीय एकता को सुदृढ बनाने में महत्वपूर्ण योग दिया।

वह अपने सरल मन, निस्वार्थ सेवा, मृदुभाशिता और ि िाश्ट स्वभाव के लिए विख्यात थे। वह अपनी व्यवस्तताओ के होते हुए भी खेलो में भारी रूचि रखते थे और उन्होने दे ा में खेलो के प्रोत्साहन के कार्य में वि िाश्ट योग दिया।

यह सदन दिवंगत राश्ट्रपति के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

अध्यक्ष महोदय, यह सदन महाराश्ट्र के राज्यपाल श्री अली यावर जंग बहादुर के 11 दिसम्बर, 1976 को हुए दुखद निधन पर गहरा भाोक प्रकट करता है।

श्री अली जंग बहादुर का जन्म 16 फरवरी,1905 को हुआ। उन्होने पहले हैदराबाद में और तत्प चात आक्सफोर्ड में ि ाक्षा प्राप्त की। उन्होने अपना व्यवसायिक जीवन उस्मानिया वि वविघालय में एक ि ाक्षाविद् के रूप में आरम्भ किया। वह पुरानी हैदराबाद सरकार में कई महत्वपूर्ण पदो पर कार्य करते रहे, किन्तु 1947 में उन्होने संयुक्त रूप राश्ट्र को जाने वाले कई भारतीय ि ाश्टमण्डलो का नेतृत्व भी किया और बाद में विभिन्न दायित्व निभाने के सम्बन्ध में वह फ्रांस,ग्रीस,यूगोस्लाविया, लीबिया,लेबनान और सयुक्त राश्ट्र भी गए।

उन्होने 1965 से 1968 तक अलीगढ़ मुस्लिम वि वविघालय के कुलपति पद को सु ाोभित किया। 1970 में उन्होने महाराश्ट्र के राज्यपाल के पद को सम्भाला और निधन तक इसी पद पर आसीन रहे। उन्हे पद्म भूशण से अलंकृत किया गया।

उनके निधन से दे ा ने एक महान कूटनीतिज्ञ तथा प्र ाासक खो दिया है।

यह सदन दिवगंत के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, यह सदन भारतीय राश्ट्रीय काग्रेस के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं भूतपूर्व संसद सदस्य श्री उच्छृंग राय

नवल ांकर ढेबर के 11 मार्च, 1977 को हुए दु:खद निधन पर गहरा भाोक प्रकट करता है।

श्री ढेबर का जन्म 21 सितम्बर, 1905 को हुआ। उन्होने 1928 मे वकालत की परीक्षा पास की। इसके बाद वह राजकोट में 1929 तक वकालत करते रहे। वह 1936 में पहली बार महात्मा गांधी जी से मिले और वकालत की प्रैक्टिस छोड़कर आस–पास के गांवो में सहायता कार्य करने लगे। उन्होने कांग्रेस दल के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया।

श्री ढेबर ने 1937 में मोरीबन्द काठियावाला राजनीतिक सभा को पुनरजीवित किया ओर इसके सेक्रेटरी पद का दायित्व सम्भाला। वह इस पद पर 1948 तक रहे। राजकोट सत्याग्रह में भाग लेने के कारण 1938–39 में उन्होन तीन बार जेल यात्रा की। 1941 में उन्होने वैयक्तिक रूप से सत्याग्रह किया। 1942 के 'भारत छोड़ौ' आन्दोलन में भाग लेने पर पुनः जेल जाना पड़ा। 1945 मैं वह गुजरात प्रेद ा कांग्रेस कमेटी के सेक्रेटरी चुने गये।

श्री ढेबर ने 1948 से 1954 तक सोराश्ट्र राज्य के मुख्यमन्त्री पद को सु ाोभित किया। सोराश्ट्र के पिछले क्षेत्रो की समस्याओ को उन्होने अत्यन्त साहसपूर्ण ढंग से सुलझाया। वह 1955 और 1957 में भारतीय राश्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। वह पुरानी प्रेरणात्मक–वृति के लिए सुविख्यात थे। महात्मा गांधी ने उन्हे एक साहसी एवं सच्चा सुधारक कहा था। वह मित–भाशी थे

और कांगेस दल में उन्हे महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। सादगी एंव सच्चाई के गुणो के कारण उनका व्यक्तित्व और भी महान् हो गया था। वह 1962 में लोसभा सदस्य निर्वाचित हुए, किन्तु खादी आयोग के चेयमैन पद पर नियुक्त होने के कारण उन्होने संसद की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।

यह सदन दिवंगत नेता के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, यह सदन भूतपूर्व केन्द्रीय खाद्य एवं पूर्ति मंत्री श्री अजीत प्रसाद जैन के 2 जनवरी, 1977 को हुए दु:खद निधन पर गहरा भाोक प्रकट करता है।

श्री जैन का जन्म 1902 में हुआ। उन्होने एम.ऐ. और एल.एल.बी. की परीक्षाएं लखनउ वि वविद्यालय से उर्तीण की। श्री जैन अपने राज्य, उतर प्रदे ा में कई राजनीतिक आन्दोलनो में अग्रणी रहे। उतर प्रदे ा विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होन के उपरान्त उन्हे 1937 में गठित पहले मन्त्रिमण्डल में कनिश्ट मंत्री नियुक्त किया गया। वह सविधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री जैन 1950 में केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल में सम्मिलित हुए और उन्हे सहायता एवं पुनर्वास मंत्री नियुक्त किया गया ओर बाद में उन्होने खाद्य मंत्रालय का कार्यभार सम्भाला। वह 1960 से 1964 तक उतर प्रदे ा कांग्रेस कमेटी के प्रधान रहे। उन्होने थोड़ समय के लिए 1965–66 में केरल राज्य के राज्यपाल पद को भी

सु ाोभित किया। इसके प चात् वह पुनः सकिय राजनीति में लोट आये।

उनके निधन से दे ा का उच्च कोटि के नेता तथा कु ाल प्र ाासक की सेवाओ से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, यह सदन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री देवेन्द्र सिंह लाम्बा के 26 नवम्बर 1976 को हुए दुखद एवं असामयिक निधन पर गहरा भाोक प्रकट करता है।

श्री लाम्बा का जन्म जिला भिवानी के गांव अलखपुरा में 15 अप्रैल, 1929 को हुआ। उन्होने ि ाक्षा लाहौर और रोहतक में प्राप्त की और कानून की परीक्षा दिल्ली वि वविद्यालय से उतीर्ण की। उन्होने अपनी आजीविका 1953 में हिसार में अधिवक्ता(प्लीडर) के रूप में आरम्भ की और 1964 से 1968 तक सरकारी रिसीवर के रूप में कार्य करते रहे। 1962 में उन्होने अपने को पंजाब उच्च न्यायालय के एडवोकेट के रूप में नांमांकित करवाया।

श्री लाम्बा 1970 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की विधि परिशद् के सदस्य निर्वाचित हुए और 1974 में इसी परिशद के सर्वसम्मति से चेयरमैन चुने गये। वह पंजाब

वि वविद्यालय की विधि संकाय की दो पदावधियो के लिए 1971से 1975 तक सदस्य चुने गये।

वह अक्टूबर, 1970 में उप–महाधिवक्ता नियुक्त हुए और बाद में पहली जुलाई, 1974 को उन्हे वरिश्ठ उप–महाधिवक्ता नियुक्त किया गया। वह 6 मार्च, 1976 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अपर नयायाधिपति के पद पर नियुक्त हुए।

उनके निधन पर हरियाणा राज्य के एक प्रख्यात विधिवेता,प्रतिश्ठित नागरिक और एक मानवतावादी महापुरूश की सेवाओ से वंचित हो गया है।

यह सदन दिवंगत के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, हमें यह बताते हुये दुःख होता है कि श्रीमती लज्जारानी जो पिछले से ान में हमारे बीच बैठी हुई थी, आज हमारे बीच में से उठ गई है।

इसलिये यह सदन बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हरियाणा विधानसभा की सदस्या श्री मति लज्जा रानी के पहली मार्च 1977 को हुए दुखद निधन पर हार्दिक भाोक प्रकट करता है।

श्री मति लज्जा रानी का जन्म जिला भिवानी के गांव अलखपुरा में 14 मई 1920 को हुआ। उनके पिता का नाम चौधरी

मामचन्द था। उनके पिता स्वर्गीय श्री अमीर सिंह हरियाणा मंन्त्रिमण्डल में राज्य मंत्री थे।

वह कई वर्शो तक पंचायत ग्राम झोझूकलां की सदस्या रही और 1964 में पंचायत समिति की सदस्या निर्वाचित हुई। वह अमीर सिंह ि ाक्षा स्मारक संस्था की उप–प्रधान भी थी।

श्री मति लज्जा रानी समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में वि ोश रूचि लेती थी। उनकी समाजिक गतिविधियो में हरिजन कल्याण, बाल कल्याण, ग्राम स्वच्छता तथा महिला समितियो का संगठन आदि कार्य प्रमुख थे।

यह सदन दिवंगत के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय यह सदन भूतपूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री आर.एम.हजारनवीस के 28 दिसम्बर 1976 को हुए दु:खद निधन पर भाोक प्रकट करता है।

श्री आर.एम.हजारनवीस का जन्म 24 फरवरी 1908 को हुआ। उन्होने बी.एस.सी. की परीक्षा मॉरिस कॉलिज से और एल. एल.बी. की परीक्षा वि ववि‌द्यालय लां कालेज, नागपुर से उतीर्ण की।

वह 1941 से 1944 तक 'बीड़ी कामगार संध' के प्रधान रहे। 1955 में उन्होने नागपुर निगम कॉउंसलर पद का दायित्व

निभाया। वह 1956 मे 'जनता सहकारी आवास' समिति के चेयरमैन भी रहे।

श्री हजारीनवीस 1957 से दिसम्बर 1969 तक लोकसभा के सदस्य रहे । 1958 में वह केन्द्रीय मंत्रि परिशद् मे सम्मिलित हुए और समय समय पर उन्होने खान एवं ईधन, गृह, आपूर्ति, सांसकृतिक कार्य, विधि तथा समाजिक सुरक्षा एवं श्रम मंत्रालयो का कार्यभार सम्भाला।

यह सदन दिवंगत के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है।

अध्यक्ष महोदय, यह सदन विख्यात मार्क्सवादी नेता श्री ए.के.गोपालन के 22 मार्च 1977 को हुए दःखद निधन पर गहरा भाोक प्रकट करता है ।

श्री गोपालन केरल राज्य के कैन्नोर जिले में 1 अक्टूबर, 1904 को पैदा हुए। उन्होने मि ान हाई स्कूल तथा ब्रैन्नन कालेज तिलिचरी से ि ाक्षा प्राप्त की और अपने जीवन की भाुरूवात एक अध्यापक के रूप मे की। 1927 में अखिल भारतीय कांग्रेस में सम्मिलित हो गए और स्वाधीनता संधर्श में कूद पड़े। श्री गोपालन अनेको वर्शो तक कांग्रेस महासमिति के सदस्य और केरल प्रदे ा कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे ।कुछ समय का उनका सम्बन्ध काग्रेस सो ालिस्ट पार्टी से भी रहा।

श्री गोपालन का ट्रेड युनियनो और किसान आन्दोलनो से वि ोश सम्बन्ध रहा। उन्होने कृशक वर्ग में जन–चेतना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनेको बार वह जेल गए और 5 साल तक भूमिगत भी रहे। 1939 में वे कम्यूनिस्ट पार्टी में भाामिल हुए और 1941 में उन्हे बन्दी बना लिया गया। अपने बन्दी जीवन में श्री गोपालन वैल्लोर जेल से भाग निकले और 1946 में अपने अज्ञातवास से बाहर आये।

1952 के आम चुनावो मे वह पहली बार लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और लगातार पिछली जनवरी तक जब कि लोसभा भंग हुई, सदस्य बने रहे।

उनके निधनसे दे ा ने एक महान् प्रगति ाील नेता और विख्यात स्वाधीनता सेनानी खो दिया है।

यह सदन दिवंगत के भाोक–संतप्त परिवार के सदस्यो से अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

चोधरी रिजक राम(राई): स्पीकर साहब, जिन महापुरूशो के स्वर्गवास होने पर मुख्यमंत्री जी ने भाोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और जो विचार प्रकट किए है, मै उनके साथ सहमति प्रकट करता हूं। इसमे काई सन्देह नहीं कि इस मौका पर इन महापुरूशो के दे ा से चले जाने पर दे ा को बड़ी भारी हानि हुई है। इन्होने दे ा को बनाने में, बड़ा भारी भाग लिया है। इस समय, जबकि दे ा को उनकी बड़ी भारी आव यकता थी, वे

हम से जुदा हो गए। इसमें हमे और हमारे दे ा को बड़ा भारी खेद और दुख है।

श्री फखरूदीन अली अहमद, भारत के राश्ट्रपति के साथ मुझे पार्लियामैंट मे काम करने का मौका मिला, काग्रेस के न होते हुए भी मुझे कितनी बार उनसे वास्ता पड़ा। स्पीकर साहब, जिस समय दे ा को दो अलग अलग राश्ट्र, जाति की बिना पर बनाने की हवा चल रही थी, मुस्लिम लीग की तरफ से जो आंधी चल रही थी, उस समय वे राजनीति में दाखिल हुए और इस बात के प्रयत्न करते रहे कि दे ा में हिन्दू और मुस्लिम के नाम पर विभाजन न हो। जो विभाजन के पक्ष में थे, उनके साथ इन्होने टक्कर ली और आखिर तक इस सिद्वान्त के हामी रहे। जो विचार मुख्यमंत्री ने प्रकट किए है, मै उनके साथ सहमत हूं।

श्री उच्छृंगराय नवल ांकर ढेबर भाई आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रधान रहे और इन्होने अपनी प्रधानता के समय सबसे ज्यादा इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस में भाामिल होने वाले सदस्य, चाहे वे निर्वाचित सदस्य हो, चाहे आम सदस्य हो, चरित्रहीन नहीं होने चाहिएं। सदस्य का चरित्र उंचा होना चाहिए। वही भाामिल होना चाहिए जो रचनात्मक कामों में भाग ले, वही सही मायनो में गांधी जी की फिलासफी थी, यही उनका सिद्वान्त था। इन्होने गांधी जी की फिलासफी के मुताबिक, सिद्वान्त के मुताबिक रचनात्मक कार्य करने में जो श्रम किया है, दे ा जो रास्ता दिखाया है, उसकी भाायद ही काई मिसाल हो। इन्ही के

समय में आद र्ावाद पर और सिद्वान्त पर काम करने पर जोर दिया गया। इनके निधन से दे ा को बड़ी भारी हानि हुई है, इसमे काई सन्देह नहीं है।

श्री देवेन्द्र सिंह लाम्बा जी के बारे में चौधरी प्रताप सिंह जी को ज्यादा वाकफियत है, वे अपने विचार सदन में रंखेगे। जहां तक मुझे वास्ता पड़ा है आम आदमी भी यही कहता है कि जब वे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में काम करते थे या जब सिनीयर डिप्टी एडवोकेट जनरल के तौर पर काम करते थे, वे अपना कार्य बड़ी कु ालता से करते थे। काई भी आदमी जिनसे उनका वास्ता पड़ा है, कोई नुक्ताचीनी नहीं करता, हरेक की जबान पर उनकी तारीफ थी.....उनकी भाराफत की, उनके सदाचार की और उनकी सद्भावना की। सब लोग उनकी प्र ासा करते थे।

श्री मति लज्जा रानी, जो इस सदन की एक सदस्या थी, बहुत पिछड़े इलाके से ताल्लुक रखती थी। इन्हाने मेम्बर बनने के बाद उस इलाके की जो सेवा की है, उसकी मिसाल कही नही मिलती। स्पीकर साहब, मुझे उनके इलाके पास जाने का मौका मिला है। इनके स्वर्गीय पति की बड़ी भारी इज्जत है, सम्मान है क्योंकि इन्हाने निश्पक्ष तौर पर उस इलाके की सेवा की। इनके अलावा अन्य महानुभावो के प्रति जो भाोक प्रस्ताव रखा गया है, मै उनके साथ सहानुभूति प्रकट करता हूं कि परमात्मा उनकी आत्मा का भाान्ति दे।

चौधरी भजन लाल (आदमपुर): आदणीय अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता ने जो भाोक प्रस्ताव सदन में रखा है, मै इससे सहमति प्रकट करता हूं। पिछले सदन के उठने से अब तक के समय दौरान आठ नामो की सूची हमारे सामने है। इस सूची में दिवंगत नेता है जिन्होने दे ा की जनता की सेवा करने के लिए बड़ा भारी योगदान दिया है। मै श्री फखरूदीन अली अहमद जी के बारे में थोड़ा सा कहना चाहूगा क्योंकि मेरा उनसे काफी लगाव रहा है। अहमद साहब बड़े महान व्यक्ति थे। जब भी कोई बड़े से बड़ा मसला आता सामने आता, चाहे वह समाज का मसला था, चाहे सारे दे ा का मसला था, वे बड़ी सूझ–बूझ के साथ गौर करते थे और उसको निपटाते थे। उनकी भावना, बड़ी पवित्र भावना रही है। इस प्रस्ताव मे दी गई दिवंगत आत्माओ को अपनी तरफ से मै श्रद्वाजंलि भेट करता हूं और परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार के सदस्यो को इस दु:ख को सहन करने की भाक्ति दे और उनकी आत्मा को सद्गति मिले।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, श्री अली यावर जंग बहादुर के निधन पर मैं भाोक प्रकट करता हूं। उन्होंने 1965 से 1968 तक अलीगढ मुस्लिम वि वविद्यालय के कुलपति पद को सु ाोभित किया। 1970 में उन्होने महाराश्ट्र के राज्यपाल के पद को सम्भाला और निधन से दे ा ने एक महान् कूटनीतिज्ञ तथा प्र ाासक खो दिया। मै उनके प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं।

श्री ढेबर, भूतपूर्व अध्यक्ष, भारतीय राश्ट्रीय काग्रेस के प्रति मै सदन से निवेदन करूंगा कि इनका जीवन ब़ड़ा महान जीवन रहा है और काग्रेस को एक बेहतरीन रास्ता इन्होने अपने कार्यकाल में दिखाया । मै परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को भाान्ति तथा उनके परिवार को उनके निधन से हुए दु:ख को सहन करने की भाक्ति प्रदान करे ।

श्री अजीत प्रसाद जैन, भूतपूर्व केन्द्रीय खाद्य एवं कृशि मंत्री, के प्रति भी मै अपनी संवेदना प्रकट करता हूं और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि वे उनकी आत्मा को भाान्ति प्रदान करे और उनके परिवार को इस दुख को सहने की भाक्ति दे।

श्री देवेन्द्र लाम्बा, अपर न्यायाधिपति, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के बारे में अध्यक्ष महोदय आप जानते है कि वे एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हाने हमारे प्रान्त को जो क्षति हुई है, मै समझता हूं कि वह पूरी नही होगी। मै उनके प्रति श्रद्वांजली अर्पित करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करता हुं कि वे उनकी आत्मा को भाान्ति तथा उनके परिवार को इस दु:ख को सहने की भाक्ति प्रदान करे ।

श्री मति लज्जा रानी इस सदन की सदस्या थी। उनके लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि वे उनकी आत्मा को भाांति प्रदान करे । उनका और उनके पति स्वर्गीय मेजर

साहब का जीवन अपने इलाके के पिछले वर्ग की सेवा करने का रहा है। उन्होने कई संस्थाओ में भी अपना योगदान दिया है। उनके प्रति भी मै श्रद्वांजलि अर्पित करता हूं ।

श्री आर.एम. हजारनवीस, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री के प्रति भी मै अपनी श्रद्वांजलि अर्पित करता हूं। ई वर उनकी आत्मा को भाान्ति तथा उनके परिवार को उनके निधन के दु:ख को सहने की भाक्ति प्रदान करे, यही मेरी प्रार्थना है ।

श्री ए.के. गोपालन, मार्कसवादी नेता, जिनका जीवन सदा ट्रेड यूनियन और किसान आन्दोलन से सम्बन्धित रहा है, के प्रति भी मै श्रद्वांजलि अर्पित करता हूं ओर परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को भाांति तथा उनके परिवार को दु:ख सहन करने की भाक्ति प्रदान करे। इन भाब्दो के साथ मै इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

ि ाक्षा मंत्री(पंडित चिरंजी लाल भार्मा): स्पीकर साहब, लीडर आफ दी हाउस ने जो मरहूम नेताओ को श्रद्वाजलि अर्पित करने के लिए रैजोल्यू ान मूव किया है मै अपने आपको उसके साथ जोड़ता हूं। श्री फखरूदीन अली अहमद से, जो हमारे प्रैजिडैन्ट थे मेरा जाति सम्पर्क तो नहीं हुआ लेकिन एक दो बार उनसे मिलने का सौभाग्य मुझे जरूर प्राप्त हुआ है। जब वे यहां त ारीफ लए प्रैजिडैन्ट के इलैक ानो के लिए बतौर कैडिडेट के और हमारी काग्रेस लैजिसलेचर पार्टी की गैस्टहाउस में मीटिंग थी

उस वक्त जो नम्रता, जोइख्लाक और जो इन्सानियत उन्होने दिखाई उसने हमारे उपर एक एक छाप छोड़ी। हमने उनसे प्रार्थना की कि आप के आने की क्या आव यकता थी जबकि हमारी पार्टी का आदे ा हमारे सामने था तो उनका जवाब था कि बतौर कैडिंडेट के वोटर्ज के पास पहुंचना मेरा फर्ज था। हम उस वक्त नीचे बैठे हुए थे। वे भी नीचे आकर बैठ कर बड़े आराम से हमारे साथ बात करते रहे। ऐसे इन्सान दुनियां में कम मिलते है। दे ा के लिए उनकी कुर्बानी का जहां तक सम्बन्ध है, उसके बारे में मै अर्ज करना चाहता हूं कि ब्रिटि ा सम्राजय से आजादी की लड़ाई के समय वे किसी से पीछे नही रहे । उनकी आधी जवानी काली कोठरियो में गुजरी। राश्ट्रपति बनने के बाद भी कोई चेंज उनकी इन्सानियत में नहीं आई। मै समझता हूं यही उनका बड़प्पन था। ऐसे वक्त में, जबकि दे ा को उनकी बहुत आव यकता थी।उनका देहान्त बहुत दु:खदायी है लेकिन परमात्मा के सामने किसी का जोर नहीं चलता। हमें सदमें को बर्दा त करना ही पड़ता है लेकिन मेरी प्रार्थना है कि वह मरहूम की रूह को भाांति और उनके परिवार को इस सदमें को बर्दा त करने की भाक्ति दे।

श्री देवेन्द्र सिंह लाम्बा, क्योंकि वे अपने अजीज थे, एक निहायत भारीफ, इख्लांकि और मिलनसार इन्सान थे। वे भाराफत के पुतले थे और यह चीज उस समय देखने में आई जब वे डिप्टी ऐडवोकेट जनरल,सीनीयर डिप्टी ऐडवोकेट बने और बैच पर

इलैक्ट हुए क्योंकि उसके बाद भी उनमें कतन फर्क नहीं आया। एक रोज मैंने यों ही कहा कि देवेन्द्र अब आपको जज साहब कहे, जस्टिस लाम्बा कहे या देवेन्द्र कह कर पुकारे तो वे हस कर बोले मै ता आपका अजीत हूं इसलिए आपके मुंह से देवेन्द्र की अच्छा लगता है । मै समझता हूं यह उनके बड़प्पन की नि ाानी थी। मैम्बरान हाईकोर्ट से भी मुझे मिलने काइतफाक हुआ। बहुत थोड़े अर्से वे हाईकोर्ट के जज रहे लेकिन इस थोड़ा अर्सा में भी मझे मालूम हुआ कि एक अच्छे जज की छाप उन्होने छोड़ी है। उनके चेहरे पर हर वक्त मुस्कराहट होती थी। वैसे भी वे बड़े नर्म तबीयत थे हालाकि हमारे इलाके की तर्जे–गुफ्तगू कुछ रफ सी हैं। उनके पास से कोई कुछ रफ सी है। उनके पास से कोई निरा ा होकर नहीं लौटता था। उनका हमारे दरम्यान से बिछुड़ जाना एक नाकाबले तलाकी नुकसान है । परमात्मा उनकी आत्मा को भाांत और उनके परिवार को इस सदमें को बर्दा त करने की भाकित दे यही मेरी उनसे प्रार्थना है।

स्पीकर साहब, इनके अलावा मुख्यमंत्री ने जिन 6–7 आदमियो का जिक किया है मै उन्हे श्रद्वांजलि अर्पित करता हूं।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता(बेरी): स्पीकर साहब, यह पैदा होने और मरने का सिलसिला तो जारी रहता है लेकिन जो भावना हर नसल के मन में आती है वह यह कि जा पहले नसल चली गई वह उनसे बेहतर थी और वे उनकी जगह नही ले सकेगे। इसी किस्म की भावना आज जब हम मरहूम नेताओ को

श्रद्वाजलि पे ा कर रहे हैं मै भी महसूस करूगा और यह हाउस भी करेगा।

श्री फखरूदीन अहमद प्रैजिडैन्ट के तौर पर जितने कामयाब थे उतने ही एक वकील के तौर पर भी कामयाब थे। बतौर सियासतदान भी बड़े कामयाब रहे। ने ानल मूवमैंट में उनकी कुर्बानी यह थी कि उस जमाने में भी काग्रेस के साथ रहते थे। उनका नाम याद आते ही डेढ सौ दो सौ साल पुराना इतिहास हमारी आंखो के सामने आ जाता है। गुजरांवाला में इनके दादा पैदा हुए, दिल्ली में इनके बाप पैदा हुए। रि ते के लिहाज से ये हमारी बिरादरी से कुनैक्ट हो गये और मिर्जा गालिब से भी कुनैक्ट हो गए। वे तमाम गुण जो एक अच्छे इन्सान में होते है, जो एक कल्चर्डइन्सान में होते है वे सारे इनके करैक्टर के पार्ट थे ।

श्री अली यावर जंग बहादुर, मै पहले समझता था कि हैदराबाद के है क्योंकि उन्होने अपनी सारी जिन्दगी हैदराबाद में काटी थी लेकिन पिछले दिनो जब मै हस्पताल मे था तो पता लगा कि वे लखनऊ में पैदा हुए थे। अपनी जिदंगी का काफी अर्सा उन्होने वहां काटा। इनकी अपनी लाइब्रेरी भी वहां क्योंकि ये एक बड़े लिटरेरी टेस्ट के आदमी थे। मौलाना आजाद भी इनके मेहमान हुआ करते थे। वे उर्दू तथा परसियन के बेहतरीन लिटरेरी आदमी थे। पालिटिकल साइड पर वे पहले ने ानलिस्ट लीडर नहीं थे बल्कि लिटरेरी तौर पर उनका बड़ा भारी कन्ट्रीब्यू ान था।

श्री अजीत प्रसाद जी जैन बड़े प्रोग्रैसिव फार्मर थे। आजकल तो बहुत लोग प्रोग्रैसिव फार्मर है लेकिन उस समय इतने नहीं थे। एक दिन सैकिण्ड लोक सभा में मै गलती से यह कह बैठा कि खुराक और जरायत का महकमा एक ऐसे व्यक्ति को दे दिया जिसको खेती–बाड़ी के बारे में इतना ज्ञान नहीं है। थोड़े दिनो के बाद मुझे चिट्ठी आई कि आप मेरे फार्म पर आये, मै वहां गया, उनके फार्म को देख कर मै हैरान हो गया कि उस जमाने में वे लीडिग फार्मरो में सै है।

स्पीकर साहब श्री देवेन्द्र लाम्बा साहब के बारे में तो केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि जो इस लिस्ट मे आठ मरहूमो का नाम है उन आठ में हमारी नसल के बाद की नसल के ये पहले व्यक्ति है जो इस संसार से चल बसे है। मै तो उनके बारे मैं इतना ही कहूंगा कि अभी फूल खिला भी नहीं था, पहले ही मुरझा गया। उनक चले जाने से मुझे महान दुख है।

कामरेड गोपालन सातवी जमात से पालिटिक्स से संबंध रखते थे। जब वे सातवी जमात में पढ़ते थे तो उन्होने कांग्रेस सै ान में वांलटियर के रूप में काम करना भुरू कर दिया था। वे केरल कांग्रेस के प्रैजीडेन्ट बने। उस जमाने में वे इन्कलाब पार्टी में थे उनके खून और दिमांग में केवल इन्कलाब छाया हुआ था।वे कांग्रेस में रहते हुए भी इन्कलाबी थे। जब सो ालिस्ट पार्टी बनी तो इन्होने इस को आग्रेनाइज किया था फिर बाद में वे कम्यूनिस्ट पार्टी में भाामिल हो गये । जब कम्यूनिस्ट पार्टी में भी दो धड़े बन

गये एक नर्म दल और दूसरा गर्म दल तो वे गर्म दल मे चले गये। वे सारी उम्र पार्लियामेंट के मैम्बर रहे।

सन् 1958 मे जब वे बीमार थे तो रोहतक में वे मेरे कमान पर ठहरे हुए थे। सरदार प्रताप सिंह कैरो ने उनको गिरफतार करने के लिए पुलिस को भेजा ता वे उनके साथ पैदल ही हो लिए, उन्होने मोट कार के लिए किसी किस्म की पे ाके ा नही की। उनके पास अपनी भी मोटर कार थी लेकिन वे पैदल ही उनके साथ चल पड़े। जब पुलिस वालो ने देखा कि वे बहुत कमजोर है और चल नही सकते तो उनको गाड़ी देनी पड़ी। उनके द र्न मेरे धर पर ता तब हुए थे ओर पिछले दिनो राव निहाल सिंह जी के साथ मुझे त्रिवेन्द्रम जाने का मौका मिला था तब भी उनके द र्न करने का अवसर प्राप्त हुआ था।

श्री ढबेर से लोगो को एक बात जरूर सीखनी चाहिए कि वे ऐसे चीफ मिनिस्टर थे जैसे मौलवी साहब हुए हैं। वे अपनी गली के उसी धर में रहते हुए भी चीफ मिनिस्टरी को चलाते रहे। उन्होने सरकारी बंगला नहीं लिया। चीफ मिनिस्टर होते हुए भी उन्होने कभी गार्ड को नहीं रखा। वे चीफ मिनिस्टर होते हुए भी सादगी से और ईमानदारी से रहे।

इन भाब्दो के साथ, स्पीकर साहब मै उन तमाम महापुरूशो को जिनके बारे में लीडर आफ दी हाउस ने भाोक प्रस्ताव रखा है, अपनी खराजे अकीदत पे ा करता हूं।

श्री मति लेखवती जैन(अम्बाला भाहर): स्पीकर साहब, हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने जो भाोक प्रस्ताव रखा है, मै उसके साथ अपने आप को संबंधित करती हूं। हमारे दे ा के कई एक महान हमारे बीच से चले गये, उनके चले जाने से मुझे और हमारे सारे दे ा को बहुत दु:ख है। जिस समय राश्ट्रपति श्री फखरूदीन अली अहमद की मृत्यु का दु:खद समाचार आया तो यह हमारे दे ा के लिए एक बहुत ही दुखदायी समाचार था। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने उनके बारे बहुत कुछ कह दिया है, इससे ज्यादा मै कुछ नहीं कहना चाहती।

स्पीकर साहब, श्री ढबेर भाई जो हमारे कांग्रेस के प्रेजीडेन्ट रहे। उनसे मेरी परसनल वाकफियत थी। वे कांग्रेस प्रेजीडेन्ट होत हुए भी कोई भी सर्वोदय संबंधी मीटीग बिना अटेन्ड किये नहीं रहते थे। इतना कम समय होते हुए भी वे दे ा की भलाई के कामो में अव य समय देते थे।

श्री अजीत प्रसाद जी जैन के साथ भी मुझे अजादी की मूवमैंट में काम करने का अवसर मिला। दे ा को आजाद कराने में उन्होने बहुत ही ज्यादा काम किया था, उनके चले जाने से मुझे बहुत ज्यादा रंज है। सबसे ज्यादा रंज और अफसोस तो बहिन लज्जा रानी जी का है जो इस सदन की एम.एल.ए. थी । हम इस सदन की थोड़ी ही मेम्बर है और उन बहिनो में से एक और चली गई, जिनके चले जाने का मुझे महान दु:ख है।

जहां तक लाम्बा साहब का संबंध है, उनके चले जाने से हमारे दे ा को और जनता को बड़ा दुख है। इतनी यंग उम्र में उनकी मृत्यु हुई है, जिससे दे ा को बड़ा भारी नुक्सान हुआ है।

इन चन्द भाब्दो के साथ, इन महान नेताओ के प्रति जो हमारे बीच से चले गये है, उनके चरणो में श्रद्वा के फूल अर्पित करती हूं।

Mr. Speaker: Hon Members, I fully associate myself with the Leader of the House and other hon. members about the sentiments expreesed by them in respect of our late President and various other dignitaries who have left us during the period since was last met.

Sh. Fakhruddin Ali Ahmed was first elected to the Assam State Assembly in 1935 and joined the State Cabinet. He was elected to the Rajya sabha in 1954 and remained its members til 1957. From 1957 to 1966 he remained a Minister in Assam Cabinet. He was again elected to the Rajya Sabha in April, 1966 and joined the Union Cabinet as a Minister for Irrigation and Power. He held various portfolios up to July, 1974, when he was elected to the august Office of the president of India.This Office he held till recently when he died in harness.Sh. Ahmed's death is a great loss to the nation as it has been deprived of his wisdom, compassion and decency. Sh. Ahmed was a true nationalist, a stead fast freedom fighter, an administrator of varied experiences and an outstanding example of our composite Culture. He was a

symbol of secularism and national unity and his death has created a void which will be hard to fill.

Sh. Ali Yavur Yung Bhadur, Governor of Maharastra, held many important posts in the erstwhile Hyderabad State but resigned in 1947. And become Vice-cancellor of the Osmania University. Before his appointmenta Governor of Maharastra, he held diplomastic assignments in various countries and also worked as Vice-Chancellor of the Aligarh Muslim University. He was a great diplomastic and an administrator.

Sh. U.N. Dhebar, former congress Prsident, was a Veteran freedom fighter who took part in various movements for national liberalisation. Sh. Dhebar was Chief Minister of Saurashtra State from 1948 to 1954. He also presided over the annual session of the A.I.C.C. held at Amitsar in 1956. In 1962, he was elected a member of the L:ok sabha but resigned the following year on his appointment as Chairman of Khadi Commssion. He was known for his simplicity and honesty.

Sh. Ajit Parshad Jain was elected to the U.P Assembly and appointment a Minister in 1937. He was also a member of the Constituent Assembly. In 1950 he joined the Union Cabinet. He worked as Governor of Kerala in 1965-66. He was an eminent leader and able administrator.

Mr. Justrice, D.S. Lamba belonged to village Alakpura, He statred his legal practice at Hissar.In 1974 he was elected chairman of the Bar Council of the Punjab and Haryana High Court. He was served as deputy advocate General/Senoir Deputy Advocate General from October 1970 to

March, 1976, when he was appointed as Additional Judge of the Punjab and Haryana High Court. In his death I have lost a s personal friend.

Smt. Lajja rani was a member of Our House. She was the wife of late Major Amir Singhs, M.L.A., she took keen interest in the uplift of the Weaker sections of the Society and backward Areas.

Sh. R.M. Hajarnavis, former Unoion Minister of State died on the 28th December, 1976. He remained a membetr of Lok Sabha from 1957 to December, 1970. He was inducted in the Central Cabinet in 1958.

Sh. A.K. Gopalan died only yesterday. Sh. Gopalan was a Member of Indian National Congress and a member of the A.I.C.C. for several years. He actively worked in Trade Union and Kisan movement in Kerala. He also took part in the movement for a resonsible government in that State. He was a member of the Lok Sabha from 1952 till Januray, 1977. He was a great marixist leader.

I shall ceratinely convey the sympathies of the House to the bereaved families.

Now, I request you all to stand in silence for two minutes as a mark of the respect to the memory of the departed leaders.

(The House then stood in in silence for two minutes as a mark of the respect to the memory of the departed leaders)

Mr. Speaker: The House stands adjourned till 9.30 a.m. tomarrow.

16.13 बजे

The sabha then adjourned till 9.30 A.M. on Thursday, the 24th March, 1977.